हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
24 जुलाई 2024, समय 1305

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज रोहतक के सुनारिया स्थित पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय में पासिंग आउट परेड में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और परेड की सलामी ली।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में प्रथम रहने वाले सिपाही नरविंद्र कुमार द्वितीय रहने वाले सिपाही वकील कुमार और तृतीय स्थान हासिल करने वाले सिपाही जगबीर सिंह को सम्मानित भी किया।हमारे संवाददाता ने बताया कि बुनियादी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के बाद आज 1265 जवान हरियाणा पुलिस में शामिल हो गए । इन जवानों को कर्तव्यनिष्ठा की शपथ भी दिलाई गई। इनमें से 765 जवानों ने पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय सुनारिया और 500 जवानों ने पुलिस प्रशिक्षण केंद्र मधुबन में प्रशिक्षण हासिल किया है। पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने कहा कि भर्ती , योग्यता के आधार पर पूर्ण रूप से पारदर्शी तरीके से की गई है ।समारोह के दौरान अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने पुलिस जवानों की हौसला अफजाई की। उन्होंने कहा कि आज के बाद इन जवानों की असली जिम्मेदारी शुरू होगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी जवान मेहनत और लगन के साथ अपने कर्तव्य का पालन करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि सुरक्षा, राज्य सरकार की जिम्मेदारी है और राज्य सरकार, हरियाणा पुलिस को अग्रणी पुलिस बनाने के लिए कटिबद्ध है।बाद में पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में भर्ती रोको गिरोह सक्रिय है। कोई भी सरकारी नौकरी के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू होती है तो यह गिरोह अदालत का रुख करता है लेकिन इसके बावजूद पारदर्शी तरीके से युवाओं को योग्यता के आधार पर नौकरी दी जा रही है।पत्रकारों से बतचीत में मुख्यमंत्री नायब सिंह ने केंद्रीय बजट की सराहना की।

सर्वोच्च न्यायालय ने नीट-यूजी परीक्षा-2024 को रद्द करने और दोबारा परीक्षा कराने का आदेश देने से इंकार कर दिया है। इसके साथ ही देशभर में सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेजों में स्नातक पाठयक्रमों में प्रवेश के लिए आज से दाखिला प्रक्रिया शुरू होने का मार्ग प्रशस्त हो गया है।भारत के प्रधान न्यायाधीश.चंद्रचूड की अध्यक्षता वाली तीन न्यायधीशों की पीठ ने कहा कि उपलब्ध साक्ष्य प्रश्न-पत्र के प्रणालीगत लीक होने का संकेत नहीं देते हैं और उनसे पांच

मई को आयोजित परीक्षा की वैधता पर कोई दुष्प्रभाव नहीं पडता है। पीठ ने कहा कि हमारा ये मानना है कि उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर नीट-यूजी 2024 परीक्षा रद्द करना न्यायोचित नहीं है। पीठ ने यह भी कहा कि वर्तमान वर्ष के लिए परीक्षा को रद्द करने से बीस लाख से अधिक विद्यार्थियों के लिए गंभीर परिणाम होंगे और प्रवेश कार्यक्रम में व्यवधान आयेगा।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने नीट मुद्दे पर सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत किया है और कहा है कि अंत में सत्य सामने आया है। शीर्ष न्यायालय के फैसले पर मीडिया को संबोधित करते हुए श्री प्रधान ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार पारदर्शी, हेराफेरी मुक्त और शून्य त्रुटि वाली परीक्षा प्रणाली के प्रति वचनबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी को दोषमुक्त संगठन बनाने के प्रति भी समर्पित है। उन्होंने जोर देकर कहा कि नीट घोटाले में शामिल दोषियों को बक्शा नहीं जाएगा।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने फरीदाबाद के बल्लभगढ़ में ग्राम न्यायालय को चालू करने के लिए 6 पदों के सृजन को मंजूरी दी है। सरकार ने ग्रामीण क्षेत्र में न्यायिक बुनियादी ढांचों और पहुंच बढ़ाने के उद्देश्य से इस वर्ष 4 मार्च को फरीदाबाद के बल्लभगढ़ में ग्राम न्यायालय को अधिसूचित किया था।सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि हरियाणा सिविल सेवा नियम, 2016 के अनुसार स्वीकृत पदों में स्टेनोग्राफर ग्रेड-दो रीडर ग्रेड-तीन, अहलमद, स्टेनोग्राफर ग्रेड-तीन , चपरासी और एक अतिरिक्त चपरासी का पद शामिल हैं। इन पदों के सृजन से सरकारी खजाने पर 3 लाख 95 हज़ार128 रुपये का कुल मासिक वित्तीय भार पड़ेगा ।

....